# गीडा में 10 हजार करोड़ का निवेश धरातल पर उतारने की तैयारी

## जीबीसी 5.0 के लिए तैयारियां जोरों पर 7,400 करोड़ के 164 प्रोजेक्ट तैयार, हो चुका है भूमि पूजन, 20 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : लखनऊ में होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के पांचवें संस्करण में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की ओर से 10 हजार करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारने की तैयारी है। फिलहाल करीब 7,400 करोड़ रुपये के 164 प्रोजेक्ट पूरी तरह से तैयार हैं। इनके लिए भूखंड आवंटन या भूमि पूजन हो चुका है। इनमें 19985 लोगों को रोजगार मिलेगा।

इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में गीडा के पास अदणी समूह, कोका कोला की बाटलिंग कंपनी, केयान डिस्टिलरी जैसे बड़े निवेश के प्रस्ताव हैं। इनमें से कोका कोला की बाटलिंग कंपनी अमृत बाटलर्स की ओर से लगभग 800 करोड़ का निवेश किया जाएगा। अदणी समूह भी प्रथम चरण में 1,400 करोड़ निवेश कर सकती है। केयान डिस्टिलरी ने श्रेयांश कंपनी के नाम से धुरियापार में बड़ी जमीन ली है। इनकी ओर से फिलहाल लगभग 3,200 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव है। इन तीनों में से अदाणी व केयान धुरियापार औद्योगिक टाउनशिप में अपनी इकाइयां लगाएंगे, जबकि कोका कोला का बाटलिंग प्लांट औद्योगिक गलियारे में लगाया जाएगा। इसके साथ ही कई और छोटी-छोटी इकाइयों को मिलाकर अधिक से अधिक निवेश धरातल पर उतारने की तैयारी है।

इसके अलावा केयान समूह की ओर से 800 करोड़ के अन्य निवेश का प्रस्ताव है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और श्री सीमेंट जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं, जिनके प्रतिनिधियों ने निवेश विकल्पों का पता लगाने के लिए गीडा साइटों का दौरा किया है और कुछ ने भूमि भी अधिग्रहीत कर ली है।

पिछले वर्ष 318 प्रोजेक्ट के थे 8,751 करोड़ निवेश के प्रस्ताव: 2024 की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की ओर से लगभग 8,751 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की तैयारी थी। ये परियोजनाएं मूल रूप से ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआइएस) 2023 के दौरान हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों का हिस्सा थीं। इस सेरेमनी में प्रमुख रूप से वरुण बेवरेज के पेप्सिको के उत्पाद बनाने वाली इस कंपनी ने लगभग 1100 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा था।

इनके अलावा अन्य प्रमुख कंपनियों में ज्ञान डेयरी, टेक्नोप्लास्ट, सेंट्रल वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, कपिला एग्रो इंडस्ट्री, और एपीएल अपोलो ट्यूब्स शामिल थीं। इनमें कुल 318 कंपनियों की परियोजनाएं शामिल थीं।


गीडा कार्यालय • जागरण


इस बार के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 10 हजार करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से करीब 7400 करोड़ का प्रस्ताव पूरी तरह से तैयार है, जिनके लिए भूमि का आवंटन या भूमि पूजन हो चुका है।
अनुज मलिक, सीईओ, गीडा।

### ये हैं निवेश के प्रमुख प्रस्ताव

| कंपनी | निवेश (करोड़ में) |
|---|---|
| श्रेयस | 3200 |
| अंबुजा सीमेंट | 1400 |
| कोका कोला | 800 |
| केयान डिस्टिलरी | 800 |
| अपोलो टायर | 320 |
| विजन पैरेंटल | 100 |
| वीआरएस फूड | 52 |
| एमएस फेयर मैडिक्स | 31 |
| कबीर पाली फैब | 25 |
| एफजीएफ | 25 |
| दीवान पैकेजिंग | 13.6 |
| बाबा एक्वा सोल्यूशन | 13 |

# लक्ष्य हासिल कर बनाएं निवेश का नया रिकार्ड

- कमिश्नर अनिल ढींगरा ने की तैयारियों की समीक्षा
- इन्वेस्टर्स मीट और एक्सपो प्रदर्शनी का भी होगा आयोजन


समीक्षा बैठक करते कमिश्नर अनिल ढींगरा, साथ में डीएम दीपक मीणा, गीडा की सीईओ अनुज मलिक व अन्य अधिकारी • जागरण

जासं, गोरखपुर: गोरखपुर मंडल को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 5.0 में 10,700 करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी मिली है। इनमें गोरखपुर को 7 हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला है। इसी तरह देवरिया को 1,500 करोड़, कुशीनगर को 1,200 करोड़ और महराजगंज को एक हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने आयुक्त सभागार में समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निवेश योजनाओं को तेजी से अंतिम रूप दिया जाए। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कुशीनगर, देवरिया और महराजगंज के भी डीएम शामिल हुए।

बैठक में बताया गया कि पिछले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में भी मंडल ने शानदार प्रदर्शन किया था। देवरिया जिले को जहां 1,100 करोड़ का लक्ष्य मिला था, वहां 1,283 करोड़ रुपये का निवेश साकार हुआ। इसी प्रकार गोरखपुर ने 2,5000 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 17,322 करोड़, कुशीनगर ने 1,800 करोड़ के सापेक्ष 1,169 करोड़ और महराजगंज ने 11 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 937 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया था।

कमिश्नर अनिल ढींगरा ने निर्देश दिया कि जीबीसी 5.0 के लिए तय किए गए लक्ष्यों के अनुरूप अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयों की स्थापना सुनिश्चित की जाए, उन्होंने कहा कि आयोजन में लगने वाले स्टालों में स्थानीय उद्यमियों और उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए ताकि स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने विभागवार तैयारियों की समीक्षा करते कहा कि सभी विभाग निर्धारित समय सीमा में अपने कार्य पूर्ण करें। साथ ही गीडा के सीईओ अनुज मलिक को निर्देश दिया कि आयोजन से संबंधित सभी कार्य समय से पूरे कराए जाएं। बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा, सीईओ गीडा अनुज मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।